आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- संसद का शीतकालीन सत्र शुरू–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा सांसदों को अधिक अवसर देने का आग्रह किया।
- ऑपरेशन सागर बंधु के तहत भारत ने श्रीलंका को तिरपन टन मानवीय सहायता भेजी।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में अब बेनाम द्वीपों को मिलेंगे नाम–प्रशासन ने नामकरण प्रक्रिया के लिए पन्द्रह दिनों में सुझाव भेजने का आग्रह किया।
- चौबीसवें राज्य विद्यालय खेलकूद और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के नौवें राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का धूमधाम से हुआ समापन–श्री विजयपुरम ज़ोन ने हर क्षेत्र में बाज़ी मारी।

<><><><><><><>

संसद का शीतकालीन सत्र कल से शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही हंगामे और अन्य कारणों से पूरे दिन के लिए स्थगित रही। लोकसभा ने हंगामे के बीच मणिपुर GST (दूसरा संशोधन) विधेयक–दो हजार पच्चीस पारित किया, जिसके तहत राज्य में 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो नए स्लैब लागू होंगे। राज्यसभा में सभापति के रूप में पहली बार कार्यवाही संचालित करते हुए सी.पी. राधाकृष्णन ने सदस्यों से संसदीय मर्यादा और स्थापित मानकों का पालन करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्र से पहले युवा और पहली बार चुने गए सांसदों को अधिक अवसर देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह सत्र केवल परंपरा नहीं, बल्कि देश के विकास को गति देने वाला मंच है।

प्रधानमंत्री मोदी और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे सहित विभिन्न दलों ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं और उनके निष्पक्ष संचालन पर विश्वास जताया। दोनों सदनों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर विपक्ष ने चर्चा की मांग उठाई। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आश्वासन दिया कि सरकार एस आई आर पर चर्चा के लिए तैयार है।

<><><><><><><>

भारत ने ऑपरेशन सागर बंधु के तहत अब तक तूफान से प्रभावित श्रीलंका को तिरपन टन मानवीय सहायता और आपदा राहत सामग्री सौंपी है। श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ मिलकर, भारतीय नौसेना के दो

जहाजों ने चक्रवात दित्वा के बाद कोलंबो में साढे नौ टन आपात राशन सामग्री सौंपी। वायु सेना के तीन विमानों को भी साढे इकतीस टन राहत सामग्री पहुंचाने के लिए तैनात किया गया है। इसमें टेंट, तिरपाल, कंबल, हाइजीन किट, खाने के लिए तैयार खाने की चीज़ें, दवाइयां और सर्जिकल उपकरण शामिल हैं। नौसेना के जहाज सुकन्या पर बारह टन अतिरिक्त राहत सामग्री भेजी गई है। ऑपरेशन के अन्तर्गत कई देशों के एक सौ पचास से अधिक लोगों को बचाया गया है और उनकी मदद की गई है।

<><><><><><><>

सरकार ने कल कहा कि कई पाकिस्तानी अकाउंट्स द्वारा सोशल मीडिया पर एक फ़र्ज़ी पत्र प्रसारित किया जा रहा है जिसमें दावा किया गया है कि भारत सरकार ने पाकिस्तान से इमरान खान को राजनीतिक बंदी के रूप में भारत भेजने का अनुरोध किया है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने स्पष्ट किया है कि पत्र में किए जा रहे दावे झूठे, निराधार और पाकिस्तान द्वारा भारत के विरुद्ध चलाए जा रहे दुष्प्रचार अभियान का हिस्सा हैं।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार प्रशासन ने गृह मंत्रालय के परामर्श से द्वीपसमूह में स्थित बिना नाम वाले द्वीपों एवं चट्टानों को नाम प्रदान करने तथा समान–ध्वनि वाले नामों का मानकीकरण करने की प्रक्रिया आरंभ की है। इस अभ्यास में आठ सौ छत्तीस द्वीपों एवं पांच सौ छियानब्बे चट्टानें शामिल है। आम जनता, जनजातीय समुदायों के सदस्य, पूर्व सैनिक, छात्र–छात्राएँ, शिक्षक, इतिहासकार एवं पर्यावरणविद सभी से इन द्वीपों और चट्टानों के नामकरण हेतु सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। नाम स्थानीय जनजातीय विरासत, स्वतंत्रता सेनानियों, विशिष्ट व्यक्तित्वों, शहीदों, अद्वितीय वन्यजीव व पादप, भौगोलिक विशेषताओं, राष्ट्रीय महत्व की ऐतिहासिक घटनाओं अथवा किसी उपयुक्त विषय का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। सुझाव, 200 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए। इस अधिसूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर कला एवं संस्कृति निदेशक के पते पर सीधे, विभाग के ईमेल अथवा डाक के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

भारत निर्वाचन आयोग ने चार नवम्बर से द्वीपसमूह में मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया आरंभ की है, जिसका उद्देश्य सभी पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में व्यापक रूप से समावेश सुनिश्चित करना है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत बूथ स्तर अधिकारियों द्वारा घर–घर जाकर प्रपत्र वितरित एवं एकत्र किए जा रहे हैं, ताकि अधिकतम पात्र मतदाताओं का पंजीकरण किया जा सके और मतदाता सूची

त्रुटिरहित रहे। इस संदर्भ में श्री विजयपुरम तहसील के अपने आवंटित क्षेत्रों में 100 प्रतिशत प्रपत्र वितरण एवं संग्रहण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर चुके बीएलओ को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी कमलेश्वर राव. एस., ने उनकी प्रशंसनीय सेवा की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है।

<><><><><><>

चौबीसवें राज्य विद्यालय खेलकूद एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के नौवीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन कल नेताजी स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता में श्री विजयपुरम् ज़ोन ने पच्चीस स्वर्ण पदकों के साथ हर क्षेत्र में चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती, जबकि कार निकोबार और रंगत ज़ोन दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। CwSN वर्ग में विंम्बर्लीगंज ज़ोन चैंपियन बना, जबकि श्री विजयपुरम् और रंगत ज़ोन को दूसरा तथा तीसरा स्थान हासिल हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि शिक्षा आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। शिक्षा एवं खेल निदेशक विक्रम सिंह ने सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों को बधाई दी।

<><><><><><>

विद्युत विभाग ने आम जनता तथा विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि श्री विजयपुरम् में बिजली की कमी को दूर करने के लिए प्रशासन के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विभाग ने पांच दशमलव पांच मेगावाट क्षमता जोड़कर अधिकतम मांग के दौरान उपलब्ध क्षमता को अड़तीस दशमलव पांच मेगावाट तक बढ़ाया था। विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की श्रृंखला में फीनिक्स बे पावर हाउस में दो दशमलव पांच मेगावाट की अतिरिक्त इन–हाउस क्षमता स्थापित की, जिससे कुल उपलब्ध क्षमता अड़तीस दशमलव पांच मेगावाट से बढ़कर इकतालीस मेगावाट हो गई। इसके अतिरिक्त बम्बूफ्लाट पावर हाउस के 1 मेगावाट के निष्क्रिय डीजी सेट के पुनरुद्धार का कार्य भी प्रगति पर है, जिसे दस दिसम्बर तक पूरा किए जाने की सम्भावना है। इसके चालू हो जाने से कुल उपलब्ध उत्पादन क्षमता बयालीस मेगावाट तक पहुँच जाएगी। विद्युत विभाग वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए डीजीसेट तथा नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों के उपयोग सहित सभी संभावित प्रयास कर रहा है। उपभोक्ताओं से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह भवन तथा अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड, मीठखाड़ी ग्राम पंचायत के सहयोग से छः दिसम्बर को सुबह 10 बजे पंचायत परिसर में निर्माण श्रमिकों के लिए जागरूकता–सह–पंजीकरण शिविर आयोजित करेगा। शिविर का उद्देश्य निर्माण श्रमिकों को बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना तथा मौके पर उनका पंजीकरण सुनिश्चित करना है। मीठाखाड़ी तथा आसपास के सभी निर्माण श्रमिकों से इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया गया है।

**<><><><><><><>**